# “एनएचपीसी पब्लिक पॉलिसी एडवोकेसी" नीति

CLEAN POWER FOR EVERY HOME

**विषय:**


1.0 प्रस्तावना

2.0 परिचय

3.0 उद्देश्य

4.0 नीति


## 1.0 प्रस्तावना

**1.1** एनएचपीसी लिमिटेड भारत सरकार की प्रमुख शेयरधारिता वाली एक मिनी रत्न श्रेणी-I कंपनी है। एनएचपीसी लिमिटेड भारत और विदेशों में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक स्रोतों के माध्यम से विद्युत के एकीकृत और दक्षतापूर्ण विकास की आयोजना, प्रोत्साहन और इसे सुव्यवस्थित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

**1.2** पर्यावरण और लोगों के प्रति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता इसकी कारपोरेट विजन और मिशन के माध्यम से सुदृढ़ की जाती है ।

**1.3** अपने संधारणीयता दृष्टिकोण (विजन) साकार करने के प्रयासों के भाग के रूप में, एनएचपीसी लिमिटेड या ('कंपनी') ने संबंधित प्राधिकरणों/संस्थागत चैम्बरों /सार्वजनिक मंचों आदि के साथ अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए इस नीति की स्थापना की है, यह नीति जिम्मेदारी, प्रतिबद्धता, अखंडता, पारदर्शिता के मूल्यों और अपने विविध हितधारकों के हितों को संतुलित करने की आवश्यकता से संचालित होती है ।

## 2.0 परिचय:

**2.1** कंपनी की व्यवसायिकता प्रतिस्पर्धात्मकता, विकास और प्रभावशीलता को बढ़ाने में प्रभावी पक्षसमर्थन (एडवोकेसी) महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और कंपनी जिस क्षेत्र में कार्य करती है, उसके विकास में भी सकारात्मक योगदान देती है ।

**2.2** एनएचपीसी लिमिटेड सरकारी एजेंसियों, उद्योग मंडलों/संघों या किसी अन्य उपयुक्त मंच के साथ विभिन्न विनियामक ढांचे, स्थितियों के मुद्दों आदि पर विचारों और अनुभव को साझा करके अपनी पहचान को बनाए रखती / प्रदर्शित करती है ।

**2.3** एनएचपीसी विभिन्न संस्थागत चैम्बरों /एसोसिएशन/फोरम/सोसाइटियों की सदस्य है ।

**2.4** इसके अलावा, एनएचपीसी जहां कार्य करती है, उन क्षेत्रों/स्थानों के विकास से संबंधित विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों/प्रदर्शनियों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं आदि में एजेंसियों के साथ भागीदार / प्रायोजक भी है/ और इनमें भाग लेती है ।

## 3.0 उद्देश्य:

- नीतिगत निर्णयों/विनियामक ढांचे/सामाजिक सद्भावना आदि के प्रति प्रासंगिक प्राधिकरणों/ फोरमों/सोसाइटियों के साथ लगातार जुड़े रहना, जोकि जिम्मेदारी, प्रतिबद्धता, अखंडता और पारदर्शिता के मूल्यों द्वारा प्रेरित है ।
- क्षेत्र में अच्छे कारपोरेट अभिशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए रचनात्मक तरीके से नीतियों आदि के बनाने में पक्षसमर्थन (एडवोकेसी) और समर्थन करना ।

## 4.0 नीति:

**4.1** एनएचपीसी लिमिटेड सरकार, नीति निर्माताओं, विनियामकों, सामाजिक समूहों/फोरमों और अन्य हितधारकों के साथ एक उत्तरदायी, पारदर्शी और रचनात्मक तरीके से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि कंपनी जिन क्षेत्रों में कार्य करती है उनमें अच्छे कारपोरेट अभिशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जा सके ।

**4.2** निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्र जहां एनएचपीसी नीतियों/नियमों के बनाने में वकालत और समर्थन करेगी:

- विद्युत और जल संसाधन क्षेत्र का संस्थागत और विनियामक ढांचा
- विद्युत एवं जल संसाधन क्षेत्र में सुधार
- दीर्घकालिक योजनाएं और ऊर्जा सुरक्षा, स्मार्ट ग्रिड आदि।
- संधारणीयता - पर्यावरण और समुदाय

**4.3** एनएचपीसी लिमिटेड उपयुक्त फोरमों पर विभिन्न विनियामक ढांचे, स्थिति, मुद्दों, कागजात आदि के संबंध में विचारों और अनुभव को साझा करके अपनी पहचान को बनाए रखना /उसे प्रदर्शित किया जाना सुनिश्चित करेगी, जिससे संबंधित क्षेत्रों और समाज को बड़े स्तर पर लाभ होगा ।

**4.4** एनएचपीसी लिमिटेड यह सुनिश्चित करेगी कि इसकी नीति पक्षसमर्थन (एडवोकेसी) की स्थिति निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है ।

**4.5** एनएचपीसी लिमिटेड वांछित दिशा में लोक नीति को आकार देने के उद्देश्य से अपने कर्मचारियों को पेशेवर निकायों की गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी ।

******